# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 17 जुलाई 2025



GK Search Engine

SUBSCRIBE

Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON Google Play

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

**Yesterday, Quiz:**

## Q. हाल ही में मिस राजस्थान 2025 का खिताब किसने जीता है?

(a) मीनाक्षी छपोला
(b) रिशिता काशवी
(c) ट्विंकल पुरोहित
(d) इनमें से कोई नही

*♦राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित ब्यूटी कॉन्टेस्ट 'मिस राजस्थान' का 27वां ग्रैंड फिनाले 12 जुलाई 2025 को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया*

*♦इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उदयपुर की ट्विंकल पुरोहित को मिस राजस्थान 2025 का खिताब दिया गया, जिन्होंने 5000 से अधिक प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए सफलता हासिल की।*

*♦इसके साथ ही मीनाक्षी छापोला फर्स्ट रनरअप, रिशिता काशीवा सेकेंड रनरअप, तृषा चौधरी थर्ड रनरअप रही*

**01. हाल ही में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क कहां बनकर तैयार हुआ है?**

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

**(c) कोटा**

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦कोटा में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क बनकर तैयार हो गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने भी यहाँ विभिन्न प्रजातियों के सांपों को रखने की स्वीकृति दे दी है।

♦स्नेक पार्क में 29 प्रकार के भारतीय, अमेरिकी, ऑस्ट्रेलियाई और कई अन्य प्रजातियों के सांप रखे जाएँगे।

♦पर्यटक यहाँ सांपों की दुनिया को करीब से देख सकेंगे।

♦2021 में सर्प पार्क के निर्माण को मंज़ूरी मिली।

♦राज्य सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। भवन बनकर तैयार है।

02. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) राजस्थान में 3 लाख करोड़ रुपये के निवेश से कितने मेगावाट क्षमता की परियोजनाएँ स्थापित करेगा?

(A) 60 हज़ार मेगावाट

(B) 15 हज़ार मेगावाट

(C) 20 हज़ार मेगावाट

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये के निवेश से 60 हज़ार मेगावाट क्षमता की परियोजनाएँ स्थापित करेगा।

♦संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

♦राजस्थान में देश में सबसे ज़्यादा विकिरण (सौर ऊर्जा) है। यहाँ प्रति वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्रति वर्ष 5.72 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता है

03. राजस्थान में जयपुर के किस गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा?

(A) चौंप गांव

(B) दादिया गांव

(C) आमेट गांव

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में 17 जुलाई को जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकार एवं रोजगार उत्सव का आयोजन होगा।

♦कार्यक्रम में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प की सिद्धि की दिशा में प्रदेश को सहकारिता के क्षेत्र में बड़ी सौगातें देंगे।

♦वृहत अन्न भण्डारण योजना के तहत निर्मित 24 गोदामों तथा श्री अन्न के प्रोत्साहन के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण करेंगे

♦ संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

♦दादिया गाँव राजस्थान का पहला जैविक गाँव

04. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा नवीन टाउनशिप पॉलिसी लागू की जाएगी?

(A) हरियाणा

(B) छत्तीसगढ़

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में नवीन टाउनशिप पॉलिसी-2024 को लागू करने, निगरानी व समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समिति बनेगी।

♦नीति में आवासीय योजनाओं में 7% पार्क व खेल मैदान, 8% सुविधा क्षेत्र जरूरी। योजना का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होने के बाद रख-रखाव 5 साल या रेजिडेंट वेलफेयर को हस्तांतरण तक करना होगा।

♦2.5% प्रतिशत भूखण्ड रिजर्व रखने होंगे। सभी योजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लिए आरक्षित भूखंड आवंटन स्थानीय निकाय करेगा।

05. हाल ही में राजस्थान में हील इन राजस्थान नीति 2025 के तहत कौनसा पोर्टल व एप विकसित किया जाएगा?

(a) MVT पोर्टल व एप

(b) HIRaj पोर्टल व एप

(c) MediTour पोर्टल व एप

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ राजस्थान को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाने पर सरकार ने काम शुरू कर दिया है। इसको लेकर 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी लाई जाएगी।

♦गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ MVT (मेडिकल वैल्यू ट्रैवल) से जुड़ा डिजिटल इकोसिस्टम विकसित होगा।

♦इस नीति के तहत एक MVT सेल बनेगी। MVT पोर्टल व एप विकसित किया जाएगा। मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो सकेंगे।

♦पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, यूनानी को बढ़ावा दिया जाएगा। टेलीकंसल्टेशन और बहुभाषी हेल्पलाइन सेवाएं स्थापित की जाएंगी।

**06. हाल ही में राजस्थान सरकार जल्द ही GCC नीति 2025 लागू करने जा रही है, GCC का पूरा नाम क्या है?**

(A) ग्रोथ केपेबिलिटी सेंटर

(B) ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर

(C) ग्लोबल कंपनी सेंटर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान सरकार जल्द ही ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति 2025 लागू करने जा रही है।

♦ इससे प्रदेश में ही मल्टीनेशनल कंपनियों के आने की राह आसान हो जाएगी। इन कंपनियों के बड़े टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और सपोर्ट सेंटर खुल सकेंगे।

♦ कुछ कंपनियां ऐसी भी होंगी जो खुद के सेंटर यहां खोलेगी और मल्टीनेशनल कंपनियों को व्यापार में सहयोग करेगी।

♦ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर यानि ऐसे केंद्र जो किसी मल्टीनेशनल कंपनी के लिए टेक्नोलॉजी, कस्टमर सपोर्ट, फाइनेंस और रिसर्च-डवलपमेंट जैसी सेवाएं देते हैं।

07. केन्द्रिय वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर राजस्थान में वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा अभियान कब से संचालित किया जा रहा है?

(A) 30 जून

(B) 01 जुलाई

(C) 25 जून

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ पात्र नागरिकों को बैंकिंग, बीमा और पेंशन की योजनाओं से जोड़ने के लिए 1 जुलाई से 30 सितंबर तक एक त्रैमासिक देशव्यापी वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है।

♦केन्द्रिय वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर राजस्थान में ऐसा किया जाएगा

♦अभियान के प्रमुख घटकों में प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत वर्तमान निष्क्रिय बैंक खातों का पुन: सत्यापन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना में नामांकन को प्रोत्साहन देना शामिल है।

♦इस अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक बार विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जो मुख्य रूप से शनिवार को होंगे

08. जयपुर और उदयपुर के बाद राजस्थान तीसरा शहर कौनसा है, जहां डीएनए जांच की अत्याधुनिक सुविधा शुरू हुई है?

(a) बीकानेर

(b) जोधपुर

(c) भरतपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ जयपुर और उदयपुर के बाद बीकानेर राजस्थान का तीसरा ऐसा शहर बन गया है जहां डीएनए जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

♦प्रयोगशाला में करीब 5 करोड़ रुपए की हाईटेक मशीनें स्थापित की गई हैं और जांच संचालन के लिए विशेषज्ञ कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है

♦अब तक बीकानेर संभाग से हर महीने 25 से 30 सैंपल डीएनए जांच के लिए जयपुर या उदयपुर भेजे जाते थे, जिससे रिपोर्ट आने में समय लग जाता था। अब समय की बचत होगी

**09. हाल ही में भारत ने AI प्रशंसा दिवस 2025 कब मनाया गया?**

(A) 12 जुलाई

(B) 16 जुलाई

(C) 14 जुलाई

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ♦ 16 जुलाई को पूरे भारत में एआई प्रशंसा दिवस मनाया गया
- ♦यह दिवस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को दर्शाता है।
- ♦AI स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्योग में बदलाव ला रहा है।
- ♦भारत की AI यात्रा 1960 के दशक में प्रारंभिक कंप्यूटर विज्ञान अनुसंधान के साथ शुरू हुई।
- ♦1986 में, ज्ञान-आधारित कंप्यूटर सिस्टम परियोजना शुरू की गई।

**10. हाल ही में किस राज्य में फर्जी बाबाओं पर अंकुश लगाने हेतु 'आपरेशन कालनेमि' चलाया जा रहा है?**

**(A) उत्तराखंड**

**(B) हरियाणा**

**(C) राजस्थान**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

♦ उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में 'आपरेशन कालनेमि' चलाया जा रहा है।

♦इसके तहत अब तक 300 से ज्यादा फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया है।

कालनेमि ही नाम क्यों रखा गया?

♦कालनेमि रामायण में एक राक्षस था जिसे रावण ने हनुमान जी का रास्ता रोकने के लिए साधु के भेष में बिठा दिया था।जिसके बाद हनुमान जी ने उसका वध करके उसे मुक्ति दी।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान सरकार ने छोटे शहरों और नगरों में पीएनजी और सीएनजी नेटवर्क के विकास के लिए राजस्थान में कौनसी नीति को लागू किया है?**

(A) राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति, 2025

(B) राजस्थान सिटी गैस संचार नीति, 2025

(C) राजस्थान गैस संचालन नीति, 2025

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine